Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-10-2022 | अंक 380

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दीपावली से पहले अंधेरा में डूबा खोड़ाहर पंचायत का चारमाइल



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के चरमाइल का ट्रांसफार्मर खराब होने से पूरा गांव पिछले दो दिनों से अंधेरा में डूबा हुआ है। गांव के करीब सैकड़ों घरों में अंधेरा छाया हुआ है। इस बात की ग्रामीणों ने बिजली विभाग के द्वारा दे दी गई है परंतु अभी सब कुछ ज्यों का त्यों है। अब तो ऐसा लग रहा है की इस गांव में दीपावली में भी अंधेरा रहेगा। वहीं पंचायत के उपमुखिया रो. हित यादव ने बताया की दीपावली के दिन लोग अपने घरों को रोशनी से जगमग कर देते है, यहां तक कि लोग गांव के हर गली, सड़क और मोहल्ले में भी दिया जलाते है। जिसको लेकर उन्होंने बरही विधायक एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से अपील किया है की चारमाइल में खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदल कर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाय ताकि इस गांव के लोग भी दिवाली धूम धाम से मना सके।

## नकली शराब का खेप बरामद, भारी मात्रा में रैपर व अन्य सामग्री बरामद

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण पुलिस ने ब्रांडेड कम्पनी के नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। ये ब्रांडेड कम्पनी के नकली शराब चौपारण में ही तैयार होता है। इसका खुलासा चौपारण पुलिस के द्वारा की गई है।

**कैसे हुआ खुलासा**

इस सम्बंध में थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए जीटी रोड स्थित सरदारपुर के समीप एक ढाबा के बगल में पुराने जर्जर मकान के अन्दर अवैध अंग्रेजी शराब निर्माण का खेप जिसमे बियर का कार्टुन, विभिन्न कम्पनी का अंग्रेजी शराब, विभिन्न कम्पनी का रैपर, ढक्कन, स्प्रिंट से अंग्रेजी शराब बनाने वाला लि. क्वीड़ प्राप्त हुआ।

हानिकारक स्प्रिट में लिक्विड डाल तैयार किया जाता है ओरिजिनल बोतल में नकली शराब

**थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने**

बताया कि प्रथम दृष्या सत्यापन के क्रम में यह बात प्रकाश में आया कि शराब तस्करों के द्वारा नकली अंग्रेजी शराब एवं स्प्रिंट में लिक्वीड मिलाकर बोतल में डालकर विभिन्न कम्पनी के ब्रांड का रैपर एवं ढक्कन लगाकर शराब तैयार कर तस्करी किया जाता है। चौपारण पुलिस ने उक्त सभी सामानो को विधिवत जप्त कर थाना ले गई एवं इस संबंध में चौपारण थाना में उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया। वहीं काँड में संलिप्त तस्करों एवं उक्त सभी सामान किसके देख रेख में संचालित कि जा रही थी के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

**ये समाग्री हुई बरामद**

08 पेटी केन बियर प्रत्येक पेटी में 24 पीस कुल 192 पीस , इम्पीरियल ब्लू 175एमएल का 90 पीस, र०यल चौलेंजर 375 एमएल 24 पीस, एसी ब्लैक 175 एमएल 36 पीस, नाइट गर्ल 750 एमएल 55 पीस, 111 ऐसीई व्हिस्की 750 एमएल 20 पीस, लिक्विड कलर आधा बोतल करीब 500 एमएल एव अन्य विभिन्न ब्रांड का रेपर करीब 40 पीस व विभिन्न ब्रांड का ढक्कन करीब 450 पीस बरामद किया गया।

# पंचमाधव पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 534 लोगों ने दिया आवेदन



दीप प्रज्वलित करते विधायक वा अन्य



कार्यक्रम में शामिल विधायक वा अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत शनिवार को पंचमाधव पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार, प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया नीलम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामा. जिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 534 लोगों ने आवेदन जमा किए। जहां 121 आवेदनों का ऑन थी स्पॉट निष्पादन किया गया एवं 5 आवेदन रद्द किया गया। बाकी के आवेदन प्रक्रिया में भेजी गई है। साथ ही 87 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण एवं दो लाभुकों को अंबेडकर आवास योजना प्रति लाभुक 1,30,000 रुपए की स्वीकृति दी गई। साथ ही पांच मजदूरों के बीच श्रम कार्ड वितरण किया गया। वहीं पंचायत के कोलंगा में मनरेगा के तहत पोटो खेल मैदान निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसका निर्माण दो लाख पांच हजार के लागत से किया जायेगा। जिसका निर्माण इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला,जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर.इंदवार यादव, प्रमुख मनोज रजक, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, युवा नेता नागेश्वर रजक सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

अपेम लाइव न्यूज

समस्याओं को आगे रखने वाली एक मात्र डिजिटल अखबार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## धनतेरस : केशरी ऑटोमोबाइल्स में बाइक खरीदारी के लिए सुबह से लगी रही ग्राहकों की भीड़

### पुरानी बाइक दीजिए और नई बाइक ले जाइए : कपिल प्रसाद केशरी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पटना रोड में स्थित केशरी ऑटोमोबाइल्स में धनतेरस के दिन बाइक खरीदारी के लिए ग्राहकों काफी भीड़ देखा गया। ग्राहक शनिवार के सुबह से ही बाइक लेने के लिए कतारबद्ध थे। वहीं बाइक के खरीदारी पर कंपनी के तरफ से ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार भी भेंट किया गया। साथ ही केशरी अ०टोमोबाइल्स के प्रोपराइटर कपिल प्रसाद केशरी ने 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक बुकिंग किए गए बाइको में 500 रुपए का पेट्रोल उपहार के रूप में दिए। प्रोपराइटर कपिल प्रसाद केशरी ने बताया की पिछले दो सालों में बाइक शोरूम में धनतेरस का बाजार फीका ही रहा था। लेकिन इस वर्ष बाइक शोरूम वाले की बुकिंग और बिक्री बेहतर है। साथ ही उन्होंने कहा की धनतेरस में वाहन खरीदना शुभ माना जाता है। और इस बार दो पहिया वाहनों की खरीदारी जमकर होने की संभावना है। उन्होंने कहा की हमारे शोरूम में लोन एवं एक्सचेंज का भी सुविधा उपलब्ध है। और यह सारी सुविधाएं ग्राहकों की मांग को देखते हुए 27 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी।

## रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रसोईया धमना चकुरा टांड़ में संचालित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए बी सी में बांटकर बच्चों से रंगोली बनाई गई । ग्रुप ए में कक्षा पहली से चौथी तक, ग्रुप बी में कक्षा पांचवी से आठवीं तक एवं ग्रुप सी में कक्षा 9वी से दसवीं तक के बच्चों को शामिल किया गया । ग्रुप ए के बच्चों को पर्यावरण बचाओ ,ग्रुप बी के बच्चों को सामाजिक बुराई एवं ग्रुप सी के बच्चों को आजादी का अमृत महोत्सव का थीम दिया गया । उसी टीम के आधार पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा को दर्शाया। निर्णायक मंडली के द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार कक्षा तीसरी के बच्चों के द्वारा बनाया गया रंगोली को प्रथम स्थान मिला । कक्षा छठी के विद्यार्थियों को द्वितीय एवं कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को तृतीय स्थान मिला ।सभी बच्चों को प्रधानाचार्य अनूप कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य अनूप कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल के छात्र अलग-अलग सीसीए गतिविधियों में अपने पूरे दिल से भाग लेने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और छात्र हर गतिविधि में भाग लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। प्रधानाचार्य और स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों की प्रशंसा की और सभी शिक्षकों को प्रबंधन की ओर से एक छोटा सा दिवाली उपहार मिला और सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शेरोन थॉमस, संजय रविदास, प्रतिमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रशांत कुमार, उषा कुमारी, रीता कुमारी, पूजा कुमारी, सुनील पांडे, मोजीबुर रहमान, शिव कुमार पाठक, पवन कुमार, सूरज कुमार, पंकज कुमार, आलोक कुमार और सुभाषीस पाइन ने योगदान दिया। इसके अलावा स्कूल की जूनियर विंग ने भी अपनी-अपनी कक्षाओं में रंगोली बनाई।

## रेन्बो स्कूल के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाया हुनर, उकेरे रंग-बिरंगे चित्र

### स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाए : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

दीपावली के शुभ अवसर पर शैक्षणिक संस्थाओं में भी दीपोत्सव पर्व से जुड़े कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में रंगोली प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से दसवी तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दो ग्रुपों में बंटकर विभिन्न प्रकार की आकृतियों एवं कलाकारी से अपने हुनर का परिचय दिया। रंगोली में किसी ने दीपक, कलश बनाए तो किसी ने लक्ष्मी व गणेश जी की रंग-बिरंगी छवियों को उकेरा। कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षा शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे। इस दौरान निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने जज की भूमिका निभाई। रंगोली प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। ग्रुप ए में कक्षा पांचवी तथा ग्रुप बी में नौवी कक्षा के बच्चें इस प्रतियोगिता की विजेता रहे। स्कूल की निदेशक ने अपने संबोधन में स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाने की सलाह दी और बताया कि इस पर्व को भगवान राम के बनवास से अयोध्या वापस आने की खुशी में अयोध्यावासियों के द्वारा अयोध्या को दीप प्रज्ज्वलित कर सजाया गया था। रंगोली बनाने वाले बच्चों में निशी कुमारी, सिंधु कुमारी, खुशबू कुमारी, काजल कुमारी, सोनम कुमारी, रानी कुमारी, रौशनी कुमारी, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी कुमारी, नुजहत प्रवीण, खुशबू कुमारी, सपना कुमारी, निशी कुमारी आदि शामिल रहें।

## मध्य विद्यालय बेंदगी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, बेहतर रंगोली बनाने वाले हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बेहतर रंगोली बनाने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

दीपावली के शुभ अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में वर्ग प्रथम से अष्टम के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियो. गिता में वर्ग प्रथम से अष्टम तक के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा को दर्शाया । बनाए गए रंगोली में निर्णायक मंडल के द्वारा द्वारा बेहतर रंगोली बनाने वाले बच्चों को पठन-पाठन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार वर्ग सप्तम के बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली को दिया गया । इसमें सिमरन,जैतून, स्वीटी, नाजिया, आसिल राधा एवं नीतू की अहम भूमिका रही । वहीं द्वितीय स्थान वर्ग अष्टम के बच्चियों के द्वारा बनाई गई रंगोली को दिया गया। इसमें निशू, निशा ,सूफिया, राखी, चांदनी, रिया, शीतल, प्रिया ,नंदनी ,पार्वती ,अनुप्रिया एवं निशि की अहम भूमिका रही। तृतीय स्थान वर्ग छठा के बच्चियों के द्वारा बनाए गए रंगोली को दिया गया । इसमें जया , माही ,शीतल ,सोनाली ,दीपिका, रिशु, पुष्पा, दिव्या, ममता, परी एवं ज्योति की भूमिका अहम रही। मौके पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रधानाध्यक सुरेश रजक, मोहिउद्दीन, राजेंद्र केशरी, राणा निखत,उषा राम, सरोज देवी, लक्ष्मी कुमारी, रेखा कुमारी, संध्या कुमारी, महेश्वर यादव, मुन्ना यादव, मो रिजवान अहमद, रेणु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।




## बरहीडीह छठ घाट का पूर्व विधायक ने कराया सफाई, पूजा समिति व समर्थकों के साथ घाट का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



छठ घाट की सफाई कराते पूर्व विधायक मनोज यादव

बरहीडीह छठ घाट पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के सौजन्य से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर शनिवार को पूर्व विधायक मनोज यादव ने छठ घाट का निरीक्षण किया। छठ घाट का निरीक्षण करने के दौरान पूजा समिति व उनके कई समर्थक मौजूद रहे। उन्होंने पूजा समिति व पोकलेन से सफाई कर रहे लोगों से कहा कि छठ घाट की सफाई अच्छी से होनी चाहिए तांकि छठ व्रतियों को अर्ध्य देने में और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों। कहा कि बरहीडीह छठ घाट सबसे प्राचीन छठ घाट है। यहां हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। उन्होंने रास्ता को सुगम व प्रकाशमय बनाने का निर्देश पूजा कमिटी को दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष सह पूजा समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया समशेर आलम, पंसस जीतू ठाकुर, राजकुमार केशरी, भूपेंद्र यादव, युवा नेता अमित सिंह उर्फ छोटू, टिंकू आलम, विक्की सिंह, सचिन यादव, राकेश सिंह, सुरेश राणा, राजवंशी सिंह, रवि प्रजापति, सूरज पांडेय, सन्नी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## द आरसीआई में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### ऐसे प्रतियोगिता से छात्र–छात्राओं को अपनी संस्कृति और त्योहार से जोड़ना है : राकेश रोशन







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में एक दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां कंप्यूटर, कंपीटिशन, स्पोकेन इंग्लिश, आर्ट्स एवं क०मर्स के बच्चे शामिल हुए। सभी विद्यार्थियों ने मिलजुलकर अपना अपना योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में निदेशक राकेश रोशन ने कहा कि दीपावली का पर्व स्वच्छता के प्रतीक है। इससे सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए कि हमें प्रत्येक दिन अपने घर एवं असपास सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए न कि सिर्फ दीपावली में। रंगोली प्रतियोगिता के उपलक्ष्य में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र–छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को अपनी संस्कृति और त्योहारों से जोड़ना है। साथ ही उनमें छिपी योग्यता और प्रतिभा को बाहर लाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने आसपास से मार्केट से खरीदारी करें ताकि उनके घर भी खुशी के दिये जल सके। इसके साथ ही स्वच्छता पर खाश ध्यान दें। कार्यक्रम के अंत मे सभी शिक्षको ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक अंकित चन्द्रवंशी, विकाश कुमार, शुभम निषाद, मो सोहराब, खिरोधर यादव, अजित पंडित, राजन कुमार, अंशू गुप्ता, सोनाली कुमारी, रोशलेट निर्मला, तन्नू कुमारी, आरती कुमारी, सोनल कुमारी, कशिश प्रवीण, कोमल कुमारी, अर्चना कुमारी, ललिता कुमारी, जनिता कुमारी, अंजली कुमारी, मनाली सिंह, हसनैन रज़ा, अमन यादव, आयुष केशरी, संजीब कुमार, राहुल गुप्ता, संदीप गुप्ता, उदय पंडित, प्रदीप पंडित, रुतेंद्र गुप्ता, नागेश्वर शर्मा, दीपक कुमार, सोनु केशरी आदि दर्जनों स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## भंडारों पंचायत भवन में आधार केंद्र का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत भवन में शनिवार को आधार केंद्र का उद्घाटन किया गया। जहां आधार कार्ड से जुड़े सभी प्रकार के काम होंगे। आधार केंद्र का उद्घाटन बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं पंसस रौशन खातून ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मो कयूम ने बताया की केंद्र के खुलने से पंचायत के लोगों के आधार से संबंधित सभी सेवाओं का लाभ पंचायत में ही मिल सकेगा। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया की हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है की अब हमारे पंचायत में ही आधार का सभी तरह का काम होगा। पहले हमलोगों को इधर उधर भटकना पड़ता था। लेकिन अब कहीं और नहीं जाना होगा। मौके पर पूर्व मुखिया सराफत अली, समाजसेवी पप्पू खान, शमशेर आलम, मो ताहिर, इलियास खान, जिब्राइल अंसारी, आजाद अंसारी, मजहर अंसारी, हसमत अंसारी, पंकज राना, वहाब खान, संजय यादव, सहाबुद्दीन, रोहित कुमार, बैजनाथ राणा, जाहिर अंसारी, उमेश कुमार एवं दीपक कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने बनाई बेहतर रंगोली

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


रंगोली बनाती बच्चियां

बरही कृष्णापुरी में संचालित झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई ।उनके द्वारा द्वारा बनाई गई रंगोली को निर्णायक मंडल के द्वारा ग्रेडिंग की गई जिसमें पांचवी क्लास के बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली को प्रथम स्थान चतुर्थ क्लास के बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली को दूसरा स्थान एवं सिक्स क्लास के बच्चों के द्वारा बनाया गया रंगोली को तीसरा स्थान दिया गया बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता ने प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में सांस्कृतिक समझ बढ़ती है। वे अपनी संस्कृति से अधिक से अधिक जूड़ते हैं । इसीलिए समय–समय पर विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहते हैं। रंगोली कार्यक्रम में सहयोगी के रुप में सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता , प्राचार्य सुशील कुमार, परीक्षा नियंत्रक शबाना खातून ,नोडल प्रभारी प्रमोद कुमार, प्रतिमा कुमारी सिन्हा, बिलासिनी राय ,सरजहां खातून, बेबी मुस्कान, पूजा कुमारी केसरी, इत्तीसाम परवीन, शांति राणा, अवकाश गिरी, सबा अहमद ने सहयोग किया।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बनाई रंगोली

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व बच्चों के बीच पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत रंगोली तथा दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं को पाँच ग्रुप में वर्गों में बांटा गया। बच्चों ने आजादी का अमृत महोत्सव, एक दीया शहीदों के नाम इत्यादि विषयों पर सुंदर, आकर्षक, सृजनात्मक व मनमोहक रंगोली को बनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन गंगपाचो मुखिया चिंता देवी, कपका मुखिया कमलेश कुमार, रिटायर्ड शिक्षक हरिहर चौधरी ने किया। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर सृजनात्मक सोच विकसित होती है।निर्णायक मंडली में मधुसूदन प्रसाद, रेयाज खान, अनिल कुमार, परमांद पांडेय, ईश्वर यादव, सुरेन्द्र ठाकुर, अर्जुन प्रसाद थे। विजेता वर्ग को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं, जिसे उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उनके अनुरूप ढाला जा सकता है। यही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।विजयी प्रतिभागी में अनिश गुप्ता, अस्मिता मोदी, स्वाति गुप्ता, भूमिका कुमारी, करन कुमार, पुनित राणा, अरुण कुमार, कृतिका कुमारी, कुंदन राणा, रेखा कुमारी शामिल थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में काशीनाथ महतो प्रीति प्रभा,संजय कुमार यादव, कुलदीप पासवान, अजय मंडल, अरूण कुमार, अनिल उपाध्याय, रविन्द्र गुप्ता, रामनन्दन कुमार, सुलेखा मोदी, शबनम खातुन, सोनाली कुमारी, सी.वेलु, अविशेष कौशल, सुरेंद्र कुमार समेत विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सतगावां में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दीपावली घमाका के साथ टीवीएस मोटरसाइकिल शोरूम का किया उद्घाटन





**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखण्ड के पचमौह स्थित बासोडीह मिडिल स्कूल के समीप शानिवार को पचमौह में टीवीएस अ०टोमोवाइल दुकान का उद्घाटन किया गया ।उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने विधिवत पूर्वक पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शॉप खुलने से लोगों को दो पहिया वाहन खरीदने में आसानी होगी एवं लोग अपने प्रखंड में टीवीएस कंपनी के वाहन खरीद पाएंगे इस संबंध में ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर रविंद्र कुमार उर्फ लल्लू ने बताया कि हमारे संस्थान में टीवीएस कंपनी के सभी प्रकार के वाहन उपलब्ध होंगे एवं वाहन खरीदने के लिए फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है तथा वाहन के सेल एंड सर्विस सुविधा उपलब्ध होगी वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मरचोई निवासी अरुण सिंह के घर पहुंचकर उनके पिता सेवानिवृत्त शिक्षक नवल किशोर सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया साथ ही साथ मृतक आत्मा को शांति के लिए शोक व्यक्त किया मौके पर प्रमुख ललिता देवी, मुखिया गंगिया देवी,गायत्री देवी,पूर्व मुखिया यूनुस अली,पंसस सुभाष राणा, मधु कुमारी, समाजसेवी दीपेश अग्रवाल,धनंजय यादव, रामावतार चौधरी,नारायण राय, दिवाकर कुमार, धीरज सिंह, नंदलाल साव, प्रदीप यादव,इनामुल हक, चंदन पांडेय,सुधीर सिंह, विक्रम कुमार यादव, रूपेश यादव, साजन कुमार, अनिल शर्मा, मनोज साहू, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे

## विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को दीपावली की पूर्व धनतेरस के अवसर पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया ।दीपावली के पूर्व विद्यालय के अंतिम दिन सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया ।एक से बढ़कर एक कलाकृति देखकर शिक्षक भी चकित रह गए ।शिक्षकों की अभिप्रेरणा और बच्चों की रुचि ने विद्यालय में दीपावली की खूब बहार रही ।इस कार्यक्रम में महिला शिक्षिका के अलावे अन्य शिक्षक भी पूरी तन्मयता से लगे रहे ।रंगोली कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सिहास,मध्य विद्यालय शिवपुर,प्राथमिक विद्यालय सरबहना,नवसृजित प्राथ. मिक विद्यालय मुस्लिम टोला दोनैया आदि स्कूल थे जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक मनोज कुमार, सुनीता कुमारी,प्रमिला कुमारी,मो अलाउद्दीन,धीरज कुमार,कैलाश प्रसाद दाँगी,बेबी कुमारी,लक्ष्मी रानी,बिनोद कुमार,प्रवीण कुमार आदि लगे थे।

## स्मार्ट चैंप प्ले स्कूल में दीपावली उत्सव का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दीपावली उत्सव मनाते बच्चे

पटना रोड बरही में संचालित स्मार्ट चेम प्ले स्कूल में शनिवार को दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को दिवाली की धार्मिक कहानी और सुरक्षित रूप से दिवाली मनाने के तरीकों के बारे में बच्चों को बताया गया । मौके पर बच्चों को सजावटी सामान बनाने का भी गुरु शिक्षकों के द्वारा सिखाए गया । इसके अलावा लड़कों एवं लड़कियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । जिसमें लड़कियों ने खू. बसूरत रंगोली बनाकर पर प्रतीयोगिता अपने नाम कर ली। स्कूल की प्रिंसिपल स्नेहा प्रिया ने बड़े ही रोचक तरीके से भगवान राम के आगमन की कहानी सुनाई। इसके अलावा बच्चों ने डांस के साथ साथ खूब इंजॉय किया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका शारदा केशरी, पिंकी गुप्ता, सुजाता, उषा, पारुल, पूजा देवी, जूही, सोनी देवी ,संजू देवी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भाग लिया।

## दिवंगत संदीप उर्फ दीपू सिंह के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए कांग्रेस जिला महासचिव :विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के करसो पंचायत अंतर्गत करसो ग्राम निवासी संदीप उर्फ दीपू सिंह के श्राद्ध कर्म में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव। मृतक दीपू सिंह के आवास पर पहुंचे जिला महासचिव सबसे पहले दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात अत्यंत दुखद क्षण की घड़ी में पीड़ित परिवार से मिले। बताते चलें 38 वर्षीय दीपू सिंह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे जिनका बीते 11 अक्टूबर को जमशेदपुर के आसपास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया था हंसमुख मिजाज के धनी दीपू आसपास के क्षेत्र में लोगों के बीच आंखों का तारा थे वे अपने पीछे पत्नी 1 पुत्र एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोकाकुल परिवारों में शामिल मृतक के 11 वर्षीय पुत्र सौरव सिंह बड़े भाई श्याम सिंह सिकंदर उर्फ कल्लू सिंह सुधीर सिंह रंजीत सिंह गुलशन सिंह एवं पूरा सिंह परिवार। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे

## दीपावली और छठ त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां थाना परिसर में शनिवार को दीपावली, भैयादूज,देवथान,छठपूजा आदि को लेकर शान्ति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उराँव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में श्री उराँव ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर पटाखे सुरक्षा के साथ जलाएं पानी व बालू बाल्टी में रखें किसी प्रकार की अनहोनी ना हो इसका भी ध्यान रखना है। फुस या खपड़ैल वाले घर के पास पटाखे ना जलाएं छठ के त्योहार को लेकर छठ घाट वाले स्थान छठ घाट व सड़कें को साफ सफाई रखें। सामाजिक रूप से छठ घाटों को साफ सफाई करें। लक्ष्मी पूजा के जुलूस में डीजे का प्रयोग ना करें ,पूजा के दौरान गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें ।वहीं थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य ने कहा कि प्रखंड में संचालित टेंपो वाहन अधिनियम एक्ट के तहत के अनुसार ही वाहन चलाएं त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखें ।मौके पर एसआई मुकेश कुमार,एसआई निसात अहमद,एएसआई टुनटुन चौधरी,एएसआई दिनेश मुर्मू, समाजसेवी धनञ्जय यादव रामावतार चौधरी,मुखिया उत्तम सिंह, मंटु चौधरी,सदानन्द कुमार,मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय,पंसस सुभाष राणा, मो मोइनुद्दीन,मुखिया प्रतिनिधि श्रवण रविदास,सुनील सिंह,मथुरा प्रसाद,नंदलाल साव,प्रदीप राम,इनामुल हक,मो अजहर रवानी, दीपेश अग्रवाल,राजेन्द्र प्रदीप यादव, रएसएस बबलू सिंह,बबलू अग्रवाल,उपेंद्र यादव,सुरेन्द्र पाण्डेय,आदि

## आस्था पब्लिक स्कूल में रंगोल प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमहा पंचायत के चंदन. नगर में संचालित आस्था पब्लिक स्कूल में दीपावली अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य इस प्रतियो. गिता में नर्सरी से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल का परिचय देते हुए आकर्षक रंगोली बनाएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सकलदेव यादव ने कहा प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं और ऐसे में उनके इस प्रतिभा का सही मार्गदर्शन एवं दिशा देना हमारा कर्तव्य है और इन बच्चों ने अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में रोहित, अंजली, शहनाज, काजल, सीमा, पूनम, संगम, रतन एवं शिवमंगल कुमार शामिल है।

## ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोईया धमना में मनाया गया रंगोली प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत में संचालित ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोईया धमना में नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने दो टीम बनाकर भाग लिया जिसमें पहला टीम का नाम मां शारदे एवं दूसरा टीम का नाम उज्जवल रखा गया। इस प्रतियोगिता में मां शारदे की टीम ने अच्छी रंगोली बनाकर विजेता बनी। संचालक परमेश्वर प्रजापति ने कहा की दीप जलाकर अंधकार को मिटाना है एवं भविष्य को उज्जवल बनाना है इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंजली कुमारी, रितिका कुमारी, प्रेम कुमार, पीहू कुमारी, अंशु कुमारी, शिवांशु कुमार, सृष्टि कुमारी, अनुष्का कुमारी, सत्यम कुमार, गुड़िया कुमारी, अलका कुमारी ,आनंद कुमार, रिया कुमारी, अमन कुमार, आयुष कुमार, एवं ऋषिकेश कुमार ने भाग लिया





APEM
LIVE


सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चाइनीज लड़ियों के बीच लुप्त हो रहा कुम्हार का दिया, संस्कृति व सभ्यता बचाना मुश्किल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



दूसरों के घरों को रोशन करने वाले कुम्हार आज खुद रोशनी को मोहताज होते जा रहे हैं। आलीशान बंगलों पर सजी चाइनीज लड़ियां बेशक लोगों के मन को खूब भाती हों, लेकिन इन बंगलों के नीचे भारतीय परंपरा को निभाते आ रहे कुम्हारों की माटी दबी पड़ी है। ढाई से 3 हजार रुपए में चिकनी मिट्टी ट्राली रेत खरीदकर दिए बनाकर कुम्हार मुनाफा नहीं कमा रहा, बल्कि अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज को जीवंत रखने का प्रयास कर रहा है। चाइनीज लड़ियों के बीच लुप्त होता जा रहा है कुम्हार का दिया। आज से 10-15 पंद्रह वर्ष पहले जहां कुम्हारों को आस-पास की जगह से ही दिए बनाने के लिए चिकनी मिट्टी आसानी से फ्री में उपलब्ध हो जाती थी. वहीं अब इस मिट्टी के लिए मोटी कीमत चुकानी पड़ती है। मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुंभकार की व्यथा सुनते हैं, तो पता चलता है कि हमारी एक छोटे से दीपक को बनाने में मिट्टी खरीदने से लेकर दीपक भट्टी में तपाने तक कितना बड़ा संघर्ष होता है। इस संदर्भ में युवा पत्रकार सोनू पंडित ने बताया कि 15 साल पहले जहां 1 पैसे के दीपक में कुम्हार को अच्छी बचत हो जाती थी, वहीं आज चायनीज़ लाइट के चक्कर में एक दीपक एक रुपये में बेचने को मजबूर है। जगदीशपुर निवासी अशोक प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के बर्तन, दीपक, घड़े बनाने का काम केवल उनकी सभ्यता और संस्कृति के लिहाज और अपने भरण पोषण के लिए करते हैं, अन्यथा इससे उन्हें कोई मुनाफा नहीं है।

**माटी कला बोर्ड का गठन कर कुम्हारो को मिले सरकारी लाभ : कृष्णा प्रजापति**

इस संदर्भ में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा प्रजापति ने कुम्हारों के वर्तमान स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को माटी कला बोर्ड का गठन कर कुम्हारों को सरकारी सहायता मिले। कई राज्यो में माटी कला बोर्ड का गठन है बावजूद कोई सरकारी सहायता नही मिल रहा। कुम्हारों को कही से कोई मदद नही मिलने के कारण इनके कमर और आस दोनों टूटती जा रही है.

## पूर्व विधायक ने मंत्री से मुलाकात कर मांगपत्र सौपा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से एक प्रतिनिधि मंडल व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में रांची में मुलाकात तेरह सूत्री मांग पत्र सौंपा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी पूर्व विधायक ने कहा कि चल. कुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष तेरह सूत्री मांगों को लेकर 36 दिनों से अनिश्चितता कालीन धरना प्रदर्शन चला जिसमें लगभग सभी जनहित के मांगों को जिला प्रशासन ने पूरी कर दी है। लेकिन तीन सूत्री मांग जो कि राज्य सरकार के स्तर से ही पूर्ण होगी। ततपश्चात मंत्री आलमगीर आलम और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आप सब लो. कतांत्रिक औऱ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रास्ते से आंदोलन किये और आप सबों की मांग हम राज्य सरकार से बहुत जल्द पूरा कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड़ प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, युवा नेता कुमार रवि, दशरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि मनैया केदार यादव, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की गुजरात में मौत

### एक सप्ताह के भीतर तीन मजदूरों की हो चुकी है मौत



मृतक का फ़ाइल फोटो



सदमे में मृतक के परिजन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला रूक नहीं रहा है। एक सप्ताह के भीतर प्रखंड के तीन प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार की रात विष्णुगढ़ के गाल्होबार पंचायत के केंदुआडीह गांव निवासी टे. कलाल महतो (45) पिता दशरथ महतो की मौत गुजरात में हो गई। वे गुजरात में एक टायर कंपनी में कार्यरत थे। परिजनों को मौत की सूचना शनिवार की सुबह मिली। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। फिलहाल कंपनी द्वारा भ्रामक जानकारी दिए जाने के कारण मजदूर की मौत के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन काम के दौरान हादसा होने से मौत होने की बात कही जा रही है। वे बीते 13 सितंबर को काम करने गुजरात गए थे। मृतक टे. कलाल महतो की पत्नी बिंदिया देवी, बेटा सुनील कुमार (24), बेटी पूनम कुमारी(19), सुषमा कुमारी(17) तथा खुशबू कुमारी(14) मौत की सूचना के बाद सदमे में है। कंपनी प्रबंधन ने उनके गांव के अन्य मजदूर साथियों के साथ फिलहाल कुछ मुआवजा देकर शव को फ्लाइट से भेजने का प्रबंध कर दी है। रविवार तक शव पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है। बता दें कि इसके पूर्व गुजरात से घर लौटने के दौरान सिरैय गांव के सोबरन महतो की मौत ट्रेन से गिरकर कैमूर स्टेशन के पास बीते गुरुवार को हो गई थी। वहीं, बंदखारो निवासी दुलारचंद महतो की मौत बीते शनिवार को मलेशिया में हो गई थी। लगातार मजदूरों के साथ हो रहे हादसे को लेकर समाजसेवी सिकंदर अली तथा राजेन्द्र मंडल ने दुःख जताया है। उन्होंने सरकार से मजदूरों के हित में जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

## मंत्री भोक्ता ने किया कान्हाचट्टी प्रखण्ड का तूफानी दौरा

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने होंडा शोरुम का किया उद्घाटन






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कन्हाचट्टी (चतरा) : राज्य के श्रम नियोजन सह प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी प्रखण्ड का तूफानी दौरा किया।और कान्हाचट्टी बाजार में होंडा बाइक शो रूम का उद्घाटन फीता काट कर किया।इनके साथ जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,राजद जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव,बी डी ओ हुलास महतो एवं थाना प्रभारी विकास पासवान भी पहुंचे थे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्हाचट्टी बाजार के एक निजी मकान में हौंडा शोरुम का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं चिरिदिरी पंचायत के उपमुखिया बबलू केशरी के घर पहुंच कर उनके परिजनों को ढांढस बंधवाया,बताते चले कि उपमुखिया की माता जी कि मृत्यु एक सप्ताह पूर्व हो गया था।मंत्री भोक्ता ने अपने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में अभी से ही लग जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा मव चतरा मुखिया घनश्याम पासी के अलावे राजद प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव उपेंद्र सिंह सत्येंद्र नारायण सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। शोरुम का विधिवत उद्घाटन नारियल फोड़कर को सीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कान्हाचट्टी में होंडा शोरुम का उद्घाटन होने से स्थानीय लोगों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में हौंडा शोरुम का उद्घाटन होने से हर लोगों को सुविधा मुहैया प्रदान होगी। इसके पश्चात मंत्री ने चिरिदिरी पंचायत के उप मुखिया के बबलू केसरी के परिजनों से मुलाकात किया। और उन्हें ढाढस बंधाया। मालूम हो बीते 10 तारीख को उनकी माता का निधन हो गया था। इसके पश्चात मंत्री ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। तथा जल्द समस्याओं को निष्पादन करवाने का आश्वासन दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आने वाले लो. कसभा चुनाव में मैं महागठबंधन का उम्मीदवार बनूंगा।अबकी बार लोक सभा चुनाव में बाहरी को यहां के मतदाता सबक एखाएँगे।स्थानीय को अबकी बार लोक सभा मे स्थानीय ही जांएगे।उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग खतियानी नेता को चुनें ताकि चतरा का निरंतर विकास हो सके। इस मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान के अलावा महेंद्र प्रसाद केशरी, रामदेव केशरी, लखन प्रसाद, केसरी राजेंद्र सिंह, महेंद्र यादव,सहित दर्जनों लोग शामिल थे।







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपोत्सव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पंचम से अष्टम के सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार की रंगोली के माध्यम से ममत्व, अपनत्व एवं भाईच. ारे को प्रदर्शित किया। विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने छात्र– छात्राओं से कहा कि दीपावली का त्योहार एक साथ मिलकर खुशियां मनाने के साथ–साथ अंतसन्मन में भरे विकारों को हटाकर अपने मन मंदिर में प्रेम व सौहार्द की दीप ज्योति जलाना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार, प्रधानाचार्य राजेश कुमार मंडल, सहायक शिक्षक रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, रुपाली देवी, राजेश कुमार रजक, आकाश कुमार, शशि सुमन, सुष्मिता प्रिया, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, प्रिया दुबे, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी, आरती कुमारी, निशा कुमारी, नितिन कुमार, मनोज रजक, कल्लू गोस्वामी, सुरेंद्र महतो, कांति देवी समेत कई विद्यार्थी मौजूद थे।

## एबीसीडी प्ले स्कूल रालो में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के रालो में संचालित एबीसीडी प्ले स्कूल में शनिवार को दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विधायक के छोटे छोटे दर्जनों बच्चो में भाग लिया। वहीं विद्यालय के संचालक अरुण यादव ने बच्चो को दीपावली के बारे विस्तार से जानकारी दी। मौके पर शिक्षक आलोक बर्नवाल, ललिता, शबाना, रीता, ललिता यादव सहित विद्यालय के सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

## मड़मो में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में हुआ कई मामलों का निष्पादन

### 329 में 118 मामले तुरंत किए गए निष्पादित, 211 रहे लंबित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मड़मो में आयोजित शिविर में लाभुकों को योजना का लाभ देते पदाधिकारी

राज्य सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को मडमो पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का उद्घाटन जिप सदस्य सरयू पटेल, प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, बीडीओ संजय कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, एमओ आलोक कुमार समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में आपूर्ति, मनरेगा, बाल विकास, जेएसएलपीएस, बिजली, स्वास्थ्य, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहका. रिता, पेंशन, राजस्व, आवास समेत कई विभागों के स्टॉल में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखा। इसके निदान के बाबत लगे स्ट०ल में ग्रामीण उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेते देखे गए। शिविर में कई योजनाओं की ऑन स्पॉट मंजूरी दी गई। शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त किए गए। जिनमें 118 लाभुकों को तत्काल योजनाओं से आच्छादित कराया गया। वहीं, 211 लाभुकों के आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित रखे गए। जिन्हें बाद में जांचोपरांत निष्पादित किया जाएगा। शिविर में बीडीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के बाबत लोगों को जानकारियां दी। लोगों से इसका लाभ लेने की बात कही। मौके पर सारुकुदर मुखिया उत्तम महतो, टे. कोचन्द महतो कई गणमान्य समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे गौरव राज, आस्था कुमारी, अलिजा प्रवीण, सलमान अंसारी, उज्ज्वल कुमारी, प्रांजलि कुमारी, असलम अंसारी एवं जसीम अंसारी ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चो में सांस्कृतिक समझ बढ़ती है। वे अपनी संस्कृति से अधिक से अधिक जुड़ते है। इसीलिए समय समय पर विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहते है। साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।







APEM LIVE